हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 22.5 डिग्री
न्यूनतम 2.0 डिग्री

12 पूर्व राज्य मंत्री ने सुनीं लोगों की शिकायतें



12 अंधकार को मिटाने का एक मात्र साधन है ज्ञान का प्रकाश



## खबर संक्षेप

### बच्चे के साथ दो लोगों ने कुकर्म किया, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में दो लोगों ने नौ साल के बच्चे के साथ कुकर्म किया। इधर, पीडित लडके की मां की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने पीडित बच्चे व उसकी मां से घटना की जानकारी ली, इनके बयान दर्ज किए और बच्चे की मेडिकल जांच करवाई। वहीं, पुलिस की जांच में पता चला कि उफैजा व महाबीर नामक लोगों ने बच्चे को बहला-फुसला और उसे वाटर वर्क्स के पास नई बनी मंडी के शेड के नीचे ले लए और बच्चे के साथ कुकर्म किया।

### ऑपरेटर की ट्रेन से कट कर मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव दीवाना निवासी पब्लिक हेल्थ विभाग के ऑपरेटर मनबीर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मनबीर 26 जनवरी की शाम से लापता था। इधर, रेलवे ट्रैक पर मनबीर का शव पडा मिला था। परिजनों ने शव की शिनाख्त मनबीर के रूप में की। इधर, जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद मनबीर का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर, जीआरपी की जांच में पता चला कि मनबीर गांव डाहर में ड्यूटी करते थे।

### युवक के साथ नौ लाख रुपये की ठगी

**पानीपत।** पानीपत की वधवाराम कालोनी निवासी सन्नी के साथ 9473 यूएसडीपी (क्रिप्टो करंसी) करीब 9 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है। वहीं, ठगों ने खुद को खरीदार बताकर पहले सन्नी का विश्वास जीता और फिर ट्रांजेक्शन होते ही लापता हो गए। इधर, सन्नी ने सन्नी कुमार ने पहले पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पानीपत साइबर क्राइम में शिकायत दी। इधर, साइबर थाना पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध खनन में पकड़े वाहन होंगे जब्त

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार गुरुवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी (खनन) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर की गई कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त डॉ .दहिया ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले में अवैध माइनिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध खनन में प्रयुक्त किसी भी वाहन को अब किसी भी कीमत पर सुपरदारी पर रिहा नहीं किया जाएगा।

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** एएनसी के पुलिस दल ने मादक पदार्थ रखने के मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी रोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। एएनसी निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि उनकी टीम अपराध नियंत्रण हेतु गश्त पर तैनात थी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि विश्वकर्मा नगर के एक रिहायशी मकान में नशे का अवैध कारोबार होता। पुलिस ने तुरंत रिहायशी मकान में विधिपूर्वक तलाशी लेकर 46 ग्राम 80 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की।

## आल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन के सदस्यों ने किया प्रदर्शन

# ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी के विरोध में किया क्रमिक अनशन

**बिजली सेवा को आपातकालीन जटिल व जोखिम भरी बताते हुए नीति का विरोध**

*क्रमिक अनशन के दौरान यूनियन के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री के नाम एसई यमुनानगर को सौंपा ज्ञापन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन हेड ऑफिस हिसार केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर यूनियन की यमुनानगर यूनिट के सदस्यों ने वीरवार को आनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में शहर के सर्कल कार्यालय में क्रमिक अनशन किया। इस दौरान यूनियन के सदस्यों को फूलमालाएं पहनाकर क्रमिक अनशन पर बिठाया गया। मौके पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। क्रमिक अनशन की अध्यक्षता सर्कल सचिव विक्रम कांबोज ने की। जबकि संचालन जगाधरी यूनिट के सचिव अमरपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांग को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री के नाम बिजली निगम के एसई नरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। वीरवार को यूनियन के यमुनानगर यूनिट के सदस्य सर्कल सचिव विक्रम कांबोज के नेतृत्व में सर्कल कार्यालय परिसर में एकत्र हो गए और क्रमिक अनशन पर बैठ गए। मौके पर सर्कल सचिव विक्रम कांबोज व यूनियन के राज्य प्रधान मनजिंदर सिंह ने बताया कि बिजली जैसी आपातकालीन जटिल व जोखिम भरी सेवा में आदर्श ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लागू नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि विधुत विभाग की कार्यप्रणाली अन्य विभागों से अलग है।



यमुनानगर। क्रमिक अनशन के दौरान मुख्यमंत्री के नाम बिजली निगम के एसई को ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन के सदस्य।

### ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के विरोध में हड़ताल की चेतावनी

बिजली की लाइनों का प्रत्येक गांव व शहर में जाल बिछाया गया है और बहुत जगह पर आपस में एक दूसरी लाइन की क्राशिंग होती है। जिसका कर्मचारियों को पता होता है। मगर नई जगह जाने पर कर्मचारियों को पता नहीं चल पाता है कि किस लाइन पर काम करना है व किस लाइन की क्राशिंग है। यह अनभिज्ञता दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं । मगर प्रदेश सरकार आदर्श आनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी जारी करने पर उतारू है। जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष और आक्रोश है। सर्कल सचिव विक्रम कांबोज ने बताया कि माननीय पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा 23 दिसंबर 2025 और 31 दिसंबर 2025 को कच्चे कर्मचारियों के पक्ष में दिए गए ऐतिहासिक और स्पष्ट आदेशों के बावजूद हरियाणा सरकार उन्हें लागू करने के बजाय जानबूझकर टालमटोल की नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने आनलाइन ट्रांसफर पालिसी को बंद नहीं किया तो 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल कर विरोध जताया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री के नाम एसई को सौंपे ज्ञापन में सरकार से आनलाइन ट्रांसफर पालिसी को बंद किए जाने की मांग की। मौके पर यमुनानगर यूनिट प्रधान पवन हांडा, सचिव विजय प्रकाश, कोषाध्यक्ष गौरव गर्ग,जगाधरी यूनिट प्रधान इलम सिंह, कोषाध्यक्ष माया राम, बिलासपुर यूनिट प्रधान अमीर चंद, सचिव हरिओम कश्यप आदि मौजूद रहे।

## कंपनी की सब ब्रांच खुलवाने का झांसा देकर ठगे 41 लाख 98 हजार रुपये

**पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

श्री लाइफ टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की सब ब्रांच खुलवाने का झांसा देकर गांव खंडवा निवासी सुरेंद्र सिंह से 41 लाख 98 हजार रुपये ठग लिए गए। आरोप राजस्थान के जिला जयपुर निवासी सूरजमल कुमावत, राकेश कुमावत, मनोज कुमार कुमावत, माया, मंजू व गीता पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव खंडवा निवासी सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। 18 नवंबर 2023 को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो उसकी बात माया व मंजू के साथ हुई। आरोपियों ने उसे पैसा कमाने का सपना दिखाया। इसके बाद उसने उसकी बात सूरजमल कुमावत, राकेश कुमावत व मनोज कुमार कुमावत के साथ करवाई। आरोपियों ने उसे बताया कि उनकी श्री लाइफ टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड रजिस्टर्ड कंपनी है जो सेविंग अकाउंट तथा आरडी एफडी करते हैं। यदि वह उनके साथ काम करता है तो उसे मोटा मुनाफा तथा उपहार में लग्जरी कारें दी जाएगी। वह आरोपियों की बातों में आ गया।

### ये है मामला

आरोपियों ने उसे हरियाणा में सब ब्रांच खुलवाने की बात कही। इस दौरान आरोपियों ने ब्रांच देने के नाम पर उसे 37800 रुपये अकाउंट में जमा करवा लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे अल्ट्रा व्यू के नाम से एक सॉफ्टवेयर डाउनलोड करवाया और उसे इस बारे में ट्रेनिंग दी। इसके साथ ही आरोपियों ने उसे ईमेल के जरिए ब्रांच देते हुए आईडी व पासवर्ड दिया। आरोपियों ने उसे लोगों के खाते खोलना की बात कही। इस दौरान उसने अपने जानकारों के चार सेविंग अकाउंट खोलें। जिसमें दो लाख रुपये का लेनदेन हुआ। उसने बताया कि इस दौरान उसके एक खाताधारक ने जमीन का इकरारनामा करवाया। उसने खरीददार से 55 लाख रुपये की आरटीजीएस उसने जो खाता खुलवाया था उसके सेविंग अकाउंट में डाल दी। इसके बाद उसे सब ब्रांच के खर्चे के लिए पैसों की जरूरत पड़ी। जब वह सॉफ्टवेयर पर जाकर पैसे निकालने लगा तो वहां से पैसे नहीं निकले। उसने इस बारे आरोपियों से बात की मगर आरोपी सर्वर एरर की बात करते रहे। जब अकाउंट से पैसे नहीं निकले तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। इसके बाद वह आरोपियों से मिलने के लिए उनके कार्यालय में गया। जहां उसकी मुलाकात मनोज कुमावत के साथ हुई। उसने बताया कि सूरज कुमावत को मुंबई पुलिस पकड़ कर ले गई है। आरोपी ने पहले भी अन्य मामलों में धोखाधड़ी की हुई है। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने साढ़े 14 लाख रुपये लौटा दिए मगर 41 लाख 98 हजार रुपए नहीं लौटाए। आरोपियों ने इस रकम के उसे चार चेक दिए। जब उसने वह चेक अकाउंट में लगाए तो वह बाउंस हो गए। आरोपियों से बात करने पर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

# पुलिस के खिलाफ गरजे बिजली कर्मचारी

**एसएचओ पंजोखरा को हटाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

एचएसईबी वर्कर यूनियन के आह्वान पर पंजोखरा थाने प्रकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया। इस मौके पर यूनिट प्रधान सतबीर देसवाल ने मंच से आरोप लगाया कि एसएचओ पंजोखरा पूरे प्रकरण को अपने निजी अहंकार का मुद्दा बना रहे हैं।



बराड़ा। प्रदर्शन में भाग लेते हुए बिजली कर्मचारी।

निष्पक्ष जांच से पूरी तरह बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के समय मौके पर मौजूद चश्मदीद गवाहों को थाने बुलाकर घंटों बैठाया जा रहा है। उन्हें परेशान किया जा रहा है। एसएचओ सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर सिर्फ बिजली कर्मचारियों पर कार्रवाई करने पर उतारू हैं।

जबकि गवाहों ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों ने बुजुर्ग व्यक्ति को रोकने की पूरी कोशिश की, लेकिन उन्होंने उनकी बात नहीं सुनी और दुर्घटना हुई। इसमें बिजली कर्मचारियों का कोई दोष नहीं है। यूनिट सचिव सोनू यादव'' ने बताया कि पुलिस ने बुजुर्ग व्यक्ति के ड्राइविंग लाइसेंस और मेडिकल फिटनेस संबंधी जानकारी भी नहीं मुहैया करवाई जबकि विभाग ने इसकी मांग की थी। इसके बावजूद एसएचओ और आईओ प्रत्यक्षदर्शियों पर दबाव डाल रहे हैं ताकि उनके बयान बदलवाए जा सकें। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई निजी स्वार्थ और अहंकार पर आधारित है, ईमानदार जांच पर नहीं। यूनियन ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच किसी तटस्थ अधिकारी द्वारा करवाई जाए और वर्तमान में मामले की जांच कर रहे 'एसएचओ और आईओ को तत्काल हटाया जाए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गई तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूजीसी के खिलाफ किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

■ भगवान परशुराम चौक से यूजीसी की शव यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर रेलवे स्टेशन कुरुक्षेत्र के समीप यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन का पुतला फूंका। इस दौरान पुतला फूंकने आए लोगों ने सरकार से यूजीसी को वापस लेने की मांग रखी। इससे पहले उन लोगों ने भगवान परशुराम चौक से यूजीसी की शव यात्रा निकाली।

भारतीय नौजवान सभा के अध्यक्ष अशोक शर्मा पहलवान ने कहा कि इस यूजीसी में ओबीसी वर्ग को शामिल किया गया है, लेकिन सामान्य वर्ग को कोई सुनवाई तक का मौका नहीं दिया गया। कमेटी में भी सामान्य वर्ग की कोई हिस्सेदारी नहीं है।





साथ ही, अगर कोई झूठी शिकायत करता है, तो उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। अशोक ने कहा कि मुगल और अंग्रेजों के समय में भी इस तरह की बात सामने नहीं आई। ये बिल्कुल एकतरफा काला कानून है। सामान्य वर्ग को इसमें कोई प्राथमिकता नहीं मिली है। जो कमेटी बनाई जाएगी, उसमें सामान्य वर्ग का कोई प्रतिनिधि नहीं होगा। ये सामान्य वर्ग के साथ धोखा और पक्षपात है। कहा कि यूजीसी सिर्फ भाईचारा बिगाड़ने वाला है।

अभी सब समाज के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। अशोक शर्मा ने कहा कि यूजीसी बच्चों के भविष्य को खराब करेगा, क्योंकि लोग एक-दूसरे को जाति की नजर से देखने लगेंगे। उनकी मांग है कि यूजीसी को वापस लिया जाए।

## ऑस्ट्रेलियाई नागरिक बताकर रचाई शादी, शादी के बाद खुली ठगी की पोल

■ पुलिस ने पति समेत ससुरालियों के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

छावनी की एक नर्स को ऑस्ट्रेलिया के नागरिक का झांसा देकर न केवल शादी की गई, बल्कि करोड़ों की चपत लगाने के बाद उसे प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति, सास और ननद के खिलाफ के दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विद्या नगर की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी दिसंबर 2024 में पटियाला के गौरव बंसल के साथ हुई थी। परिजनों ने गौरव को ऑस्ट्रेलिया का स्थायी निवासी (पीआर) बताकर रिश्ता तय किया था। शादी में मायके पक्ष ने करीब 26 लाख रुपये खर्च किए और 5 लाख रुपये कैश भी दिए। आरोप है कि शादी की पहली रात ही गौरव ने शारीरिक संबंध बनाने से मना कर दिया। पीड़िता के अनुसार, जब उसने पति के व्यवहार पर शक किया तो उसके मोबाइल में अन्य पुरुषों के साथ अश्लील वीडियो और तस्वीरें मिलीं। जांच करने पर पता चला कि गौरव कभी ऑस्ट्रेलिया का नागरिक था ही नहीं बल्कि उसे वहां से वापस भेज दिया गया था।

## इग्नू में जनवरी सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। क्षेत्रीय केंद्र करनाल के निदेशक डॉ धर्म पाल ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित अंतिम तिथि तक ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड और ऑनलाइन मोड में उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस अवधि में नए नामांकन के साथ-साथ री-रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने बताया कि नामांकन से पहले किसी भी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग अथवा ऑनलाइन



■ 31 जनवरी तक आवेदन का अवसर

पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विद्यार्थी को अपनी अकादमिक बैंक आँफ क्रेडिट पहचान के माध्यम से डीडीबी पहचान बनाना अनिवार्य है। इसके बाद नए पंजीकरण विकल्प पर अपनी जानकारी भरकर क्षेत्रीय केंद्र करनाल का कोड दर्ज करना होगा। पंजीकरण पूर्ण होने पर लॉगिन कर आवेदन प्रपत्र भरते हुए निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा तथा भविष्य के लिए उसकी प्रति सुरक्षित रखनी होगी।

### ये हैं पाठ्यक्रम

डॉ धर्म पाल के अनुसार विश्वविद्यालय इस सत्र में तीन सौ पचास से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन कर रहा है। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के साथ-साथ स्नातकोत्तर डिप्लोमा, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र तथा जागरूकता और प्रशंसा पाठ्यक्रम शामिल हैं। कला, वाणिज्य, प्रबंधन, गृह विज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान, सामुदायिक विकास, विश्लेषणात्मक रसायन, जैव रसायन, पर्यावरण विज्ञान, मानवविज्ञान तथा जनसंचार जैसे विषयों में भी विविध विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय वर्ष में दो बार जनवरी और जुलाई सत्र में नामांकन प्रक्रिया संचालित करता है। जनवरी सत्र में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित समयसीमा के भीतर आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

## कांग्रेस ने मेयर व सदस्य पद के लिए मांगे आवेदन, भाजपा ने नहीं खोले पत्ते

■ दो तक आवेदन के बाद मेयर व सदस्य पद के लिए उम्मीदवारों का होगा चयन, सभी वार्डों में मजबूत उम्मीदवार उतारने की कसरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम में मेयर और सदस्य के चुनाव के लिए कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस ने चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं व कार्यकर्ताओं से 2 फरवरी तक आवेदन मांगे हैं।

यह आवेदन अंबाला शहरी जिला अध्यक्ष पवन अग्रवाल डिंपी या अंबाला शहर कांग्रेस भवन के सचिव किरण राणा को कांग्रेस भवन में जाकर जमा करवाने होंगे। साथ ही ई-मेल पर भी आवेदन भेज सकते हैं। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा और अन्य पार्टियों ने अभी मेयर व पार्षद पद को लेकर पत्ते नहीं खोले हैं।

कई निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर भी मेयर पद के लिए तैयारी में जुटे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अंबाला प्रवक्ता जनार्दन ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने नगर निगम चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। जब से कांग्रेस पार्टी का मजबूत संगठन बना है, तभी से कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

# धुंध ने धीमी की वाहनों की रफ्तार

**बच्चों को स्कूल जाने में हो रही परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

वीरवार को सुबह पड़ी धुंध ने वाहनों की रफ्तार धीमी कर दी। धुंध के कारण नेशनल हाईवे व शहर में वाहन रेंग-रेंग कर चलते दिखाई दिए। सुबह जैसे ही लोग नींद से जागे तो उन्हें बाहर धुंध का सामना करना पड़ा। करीब 10 बजे तक आसमान में रही धुंध के कारण बच्चों को भी स्कूल जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। धुंध और ठंडी हवाओं के झोंकों ने आमजन को झकझोर कर रख दिया। ठंडी हवाओं के कारण बच्चे कंपकंपाते हुए स्कूल पहुंचे। धुंध के साथ चली



कुरुक्षेत्र। सुबह आसमान में छाई धुंध।

बर्फीली हवा से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। ठंडी बर्फीली हवाओं के चलते खासकर दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 10 बजे के बाद सूर्यदेव के दर्शन देने के बाद ही लोगों ने चैन की सांस ली। ठंड के कारण लोगों को मवेशियों के लिए चारा करने के लिए भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि ठंड व धुंध के कारण चारा गीला होने की वजह से चारे की कटाई में दिक्कत आ रही हैं। ठंड के कारण गृहणियों को भी अपना घर का कार्य निपटाने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

## चाइनीज डोर बेचने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की मांग

# प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से बिक रही चाइनीज डोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर कस्बा में प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज डोर (सिंथेटिक मांझा) धड़ल्ले से बेची जा रही है। कस्बावासियों ने सरकार व जिला प्रशासन से चाइनीज डोर बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कस्बा निवासी संदीप कुमार, राम कुमार, कर्णवीर, विनोद शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, शारदा देवी, कमलेश रानी, मिंटू शर्मा व बंसीलाल कश्यप ने बताया कि प्रदेश में चाइनीज डोर (सिंथेटिक मांझा) की बिक्री व भंडारण पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। इसके बावजूद पिछले काफी समय से रादौर व आसपास के गांव स्थित दुकानों पर चाइनीज डोर खुलेआम बेचकर नियमों



की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कस्बा में चाइनीज डोर के कारण कई लोग घायल हो चुके हैं। वहीं चाइनीज डोर की गिरफ्त में आकर पक्षी घायल हो रहे हैं और बहुत से पक्षी अपनी जान गंवा रहे हैं। कस्बावासियों ने बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है। मगर इसके बावजूद चाइनीज डोर बेचने वालों पर ना तो कार्रवाई की जा रही है और ना ही इसकी बिक्री में प्रतिबंध लगाया जा रहा है। संदीप कुमार, राम कुमार, कर्णवीर, विनोद शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, शारदा देवी, कमलेश रानी, मिंटू शर्मा व बंसीलाल कश्यप ने बताया कि सरकार की ओर से चाइनीज डोर बेचने वालो के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पुलिस विभाग, जिला प्रशासन व नगरपालिका को अधिकृत किया हुआ है। लेकिन आज तक किसी विभाग ने इस बारे कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे शहर में चाइनीज डोर बेचने वाले लोगों के हौंसले बुलंद है। ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई न किए, जाने से स्थानीय लोगों में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। उन्होंने जिला प्रशासन से चाइनीज डोर बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### चाइनीज डोर बेचने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

नगर पालिका रादौर के सफाई निरीक्षक सुमित बैंस ने बताया कि कस्बा में चाइनीज डोर बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध जल्द छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी। चाइनीज डोर बेचने वाले लोगों के विरुद्ध पुलिस में शिकायत देकर कार्रवाई करवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### भाकियू ने किया जोन कमेटी का गठन

**रादौर।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की ओर से वीरवार को ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन पंचायत भवन गुमथला किया गया। अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान जोगिन्द्र सिली ने की। बैठक में भाकियू की गुमथला जोन की कमेटी का गठन की गया। जिसमें बलविंद्र सिंह नरवाल को गुमथला जोन का प्रधान नियुक्त किया। वहीं ब्रिजेश सैनी, रमेश खुराना को उप प्रधान, विजय को सचिव, भीम सोतिया को ग्राम प्रधान नियुक्त किया।




### स्वदेशी अपनाओ थीम पर निकाली जागरूकता रैली

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय की ओर से गांव रादौरी में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का वीरवार को भी जारी रहा। कार्यक्रम की शुरुआत योग व वंदे मातरम गीत द्वारा की गई। शिविर में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वीरवार को स्वदेशी अपनाओ थीम को लेकर गांव रादौरी में जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही रविदास मंदिर की सफाई भी की गई।

## गांव घेसपुर में दो एकड़ में किया जा रहा था अवैध निर्माण

# अनधिकृत कॉलोनी में अवैध निर्माण जेसीबी से किया ध्वस्त

**ऐहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा, अनधिकृत कालोनियों में निवेश नहीं करने के लिए किया आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा गांव घेसपुर में दो एकड़ में विकसित की जा रही अनधिकृत कालोनी में किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन द्वारा तोड़ दिया गया। इस दौरान ऐहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव घेसपुर के नजदीक दो एकड़ में अनधिकृत कालोनी विकसित की जा रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने मामले के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। जिसके बाद उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार वह अपने स्टाफ सदस्यों क्षेत्रान्वेषक रवि दत्त, कनिष्ठ अभियंता सागर तथा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किए गए यूएचबीवीएन के उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान कालोनी में बनाई गई कच्ची सड़कें, नीवें व प्लाटों की निशानदेही को तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई से पहले चूककर्ताओं को अर्बन एरिया एक्ट 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और अवैध कालोनी व निर्माण कार्य करने की अनुमति नहीं ली गई। जिसके कारण अनाधिकृत कालोनी में निर्माण कार्य को तोड़ा गया।



**यमुनानगर।** घेसपुर में अनधिकृत कालोनी में नगर योजनाकार विभाग के मशीन द्वारा तोड़ा जा रहा अवैध निर्माण।

### अनधिकृत कालोनी में नहीं करें प्लाट की खरीद

नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने सभी जनसाधारण को अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त नहीं करने के लिए आहवान किया है। उन्होंने कहा कि यदि इसके बावजूद कोई भी व्यक्ति अवैध कालोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खंड स्तरीय साईंस प्रदर्शनी का किया आयोजन

# सरकारी स्कूल बैंडी के विद्यार्थी अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोडी में खंड स्तरीय साईंस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य इंदिरा देवी द्वारा किया गया।

अंग्रेजी प्रवक्ता पवन रोहिला ने बताया कि ब्लॉक लेवल के साइंस एग्जीबिशन में ब्लॉक के लगभग सभी स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी शामिल थे। इस कंपटीशन में 7 थीम रखे गए। जिन पर बच्चों ने मॉडल मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, रोल मेकिंग में भाग लिया। सरकारी स्कूल चमरोडी, सरकारी स्कूल जठलाना, सरकारी स्कूल अंटावा, सरकारी स्कूल अलाहर, सरकारी स्कूल रादौरी, सरकारी स्कूल बैंडी के विद्यार्थियों ने प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रिंसिपल के द्वारा बच्चों को बधाई दी गई। इस अवसर पर मिथुन गुप्ता, अनिल, रुस्तम, अनीता, शशिकांत, निर्मल, नीरज, संत, प्रवीण, विनोद आदि उपस्थित रहे।



**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के सरकारी स्कूल चमरोडी में आयोजित साईस प्रदर्शनी का निरीक्षण करते मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

### रास्ते में रोक कर युवती से छेड़छाड़

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के गांव में युवक द्वारा रास्ते में युवती को रोककर उसके साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवती के विरोध करने पर आरोपी ने अपने परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके साथ ही आरोपियों ने ऊपर गाड़ी चढ़ाने का भी प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 23 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही रोहित काफी दिनों से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना दो की जानकारी देते एडीसी नवीन आहूजा।

# घटना का दावा 90 दिनों के अंदर करना अनिवार्यः एडीसी

- जिला सचिवालय में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना दो को लेकर अधिकारियों की आयोजित हुई बैठक
- अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार की सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना दो के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला सचिवालय में आयोजित की । अध्यक्षता एडीसी नवीन कुमार आहूजा ने की। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन कुमार आहूजा ने बताया कि इस योजना के तहत आवारा पशुओं जैसे कि गाय, सांड, बेल, भैंस, नीलगाय तथा कुत्तों के हमले या उनसे हुई दुर्घटनाओं में मृत्यु चोट अथवा दिव्यांगता की स्थिति में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत मृत्यु होने अथवा 70 प्रतिशत या उससे अधिक स्थायी पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में पात्र परिवार को अधिकतम पांच लाख तक की सहायता राशि दी जाती है। जबकि 70 प्रतिशत से कम आंशिक दिव्यांगता के मामले में दिव्यांगता के प्रतिशत के अनुसार तथा जिसकी राशि कर्मचारी मुआवजा अधिनियम 1923 के प्रावधानों के अनुरूप मुआवजा प्रदान किया जाता है।

### योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाए

एडीसी नवीन आहूजा ने कहा कि दावा घटना की तिथि से 90 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है। प्राप्त दावों की जांच एवं स्वीकृति जिला स्तरीय समिति द्वारा की जाती है। जिसमें उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, संबंधित उपमंडल अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होते हैं। ताकि सभी मामलों का निपटान समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से किया जा सके। आम नागरिकों से योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाए जाने के लिए अपील की।

## रादौर की बेटी खुशी झांब बनी क्षेत्र की पहली महिला पायलट



**रादौर।** रोटरी क्लब ने कस्बा में कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र की पहली महिला पायलट बनी रादौर की बेटी खुशी झांब का जोरदार स्वागत किया। मौके पर क्लब के सदस्यों ने पायलट खुशी झांब के साथ उसके परिजनों का भी फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब रादौर के प्रधान सरदार हरजीत सिंह ने की। क्लब के प्रधान सरदार हरजीत सिंह व रोटेरियन यतेंद्र वर्मा ने बताया कि रादौर की बेटी खुशी झांब के पायलट बनने से कस्बावासियों व क्षेत्र के लोगों में खुशी है। खुशी झांब ने पायलट बनकर रादौर समेत इलाके का नाम रोशन किया है। रोटरी क्लब के सदस्यों ने खुशी झांब को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, क्लब की ओर से उनके पिता सुमित झांब, माता रचिता झांब, दादा मनोहरलाल झांब व दादी पूर्ण देवी को भी सम्मानित किया। मौके पर खुशी ने कहा कि उन्हें क्षेत्र की पहली महिला पायलट होने पर गर्व महसूस हो रहा है। माता पिता ने उन्हें पायलट बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। जिस कारण आज वह विदेश से पायलट का प्रशिक्षण प्राप्त करके आई हैं।

## जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# आत्मविश्वास और संकल्प के साथ हर चुनौती को पार करने का दिया संदेश

- कार्यक्रम को दो सुव्यवस्थित चरणों में आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में वीरवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मेक इट हैपन क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम शिबयॉन्ड लिमिट्सश ने छात्राओं के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को उजागर करने का प्रभावी मंच प्रदान किया। यह प्रेरणादायक आयोजन इंजीनियर पूजा, इंजीनियर सिमरन एवं इंजीनियर शिल्पा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था। उनकी प्रतिभा को अभिव्यक्ति का अवसर देना तथा समाज में व्याप्त रूढ़ धारणाओं को सकारात्मक सोच के साथ चुनौती देना रहा। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि आत्मविश्वास और संकल्प के साथ हर चुनौती को पार किया जा सकता है। कार्यक्रम को दो सुव्यवस्थित चरणों में आयोजित किया गया।



**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन


प्रथम चरण में प्रतिभागियों ने दो.दो के समूह में भाग लेते विभिन्न थीम आधारित मनोरंजक एवं जागरूकता से जुड़े खेलों में सहभागिता की। इस चरण में कार्ड पिरामिड बनाना, संतुलन आधारित गतिविधियाँ व अन्य रचनात्मक खेल शामिल रहे। जिनका उद्देश्य टीमवर्क, एकाग्रता और समस्या.समाधान क्षमता को विकसित करना था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को अगले चरण के लिए चयनित किया। द्वितीय चरण पूर्णतरू व्यक्तिगत रहा जिसमें प्रतिभागियों ने बिना बोले अपने हाव. भावए भाव. भंगिमा अभिव्यक्ति व आत्मविश्वास के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस चरण में आयोजित क्विजÞ प्रतियोगिता व डम्ब शराड्स ने प्रतिभागियों की त्वरित सोचए सामान्य ज्ञान और प्रस्तुति कौशल को परखने का अवसर दिया। निर्णायकों द्वारा समग्र प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया।

## जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन

# अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर करें जनता की समस्याओं का समाधान : गुप्ता

- शिविर में सुनवाई के लिए पहुंची आठ शिकायतें

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में वीरवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याओं को सुना। मौके पर लोगों ने दस समस्याएं रखी। जिनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान कर दिया गया। जबकि शेष समस्याओं को समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के पास भेज दिया। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में 8 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिसमें गांव कलावड़ निवासी मोनिका देवी ने पानी की निकासी बारे, जगाधरी निवासी गीता चौपड़ा ने गली से अवैध कब्जा हटवाने बारे, भम्नौली निवासी पृथ्वी सिंह ने रेत बजरी के ट्रक व डंफर रोकने बारे, जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 निवासी सुभाष चंद व अन्य निवासियों ने आवारा कुत्तों से निजात दिलवाने बारे समस्याएं रखी थी।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगराधीश पीयूष गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

## भारतीय ज्ञान परंपराएं सांस्कृतिक बौद्धिक पहचान की रीढ़: डॉ. गर्ग

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की क्रिटिक सोसाइटी के तत्वावधान में वीरवार को भारतीय ज्ञान परंपराएं, परंपराओं को आधुनिकता से जोड़ना विषय पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया। पीजीआईएमआर चंडीगढ़ के रेडियोलॉजी (एमबीबीएस) डॉ. वरिंदर गर्ग ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने की। मुख्य वक्ता डॉ. वरिंदर गर्ग ने विद्यार्थियों का लेक्चर में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, टेक्नोलॉजी और शासन जैसे समकालीन क्षेत्रों में प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणालियों की प्रासंगिकता पर ध्यान केंद्रित किया। पारंपरिक भारतीय ज्ञान को आधुनिक शिक्षा के साथ एकीकृत करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। बताया कि यह संश्लेषण राष्ट्र निर्माण और बौद्धिक विकास में कैसे योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपराएं देश की सांस्कृतिक और बौद्धिक पहचान की रीढ़ हैं।



**यमुनानगर।** भारतीय ज्ञान परंपराओं की जानकारी देते मुख्य वक्ता।

## मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में मानवीय मूल्य विषय पर व्याख्यान

# विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों को ग्रहण कर अपनी पहचान बनानी चाहिएः धवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में वीरवार को वाणिज्य विभाग की ओर से व्यक्तित्व विकास एवं मानवीय मूल्य विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर के प्राचार्य डा. अनिल धवन मौजूद रहे। डॉ अनिल धवन का स्वागत एवं परिचय कॉलेज की प्राचार्य डॉ माला शर्मा द्वारा किया गया। डॉ माला शर्मा ने डॉ धवन का परिचय देते बताया कि वह एक अच्छे शिक्षक, प्राचार्य व अभिप्रेरक और बहुगुणी प्रतिभा के धनी है। डॉ अनिल धवन ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे सूचना को ज्ञान में ओर ज्ञान को बुद्धिमत्ता में बदल सकते हैं। बताया कि विद्यार्थी जीवन में प्रश्नों का कितना महत्व है। यदि विद्यार्थी का कोई प्रश्न ही नहीं है तो उसका विद्या ग्रहण करना व्यर्थ है। विद्यार्थियों को व्यक्तित्व में मानवीय मूल्यों को ग्रहण कर अपने परिवार, महाविद्यालय और समाज में अपनी पहचान बनानी चाहिए।



**यमुनानगर।** यमुनानगर कस्बा रादौर के मुकंदलाल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते मुख्यवक्ता। फोटो : हरिभूमि

## सूने मकान से लाखों के आभूषण नकदी सहित अन्य सामान चुराया

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में चोरों ने सूने घर में घुसकर लाखों के जेवर, 40 हजार रुपये कैश व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार के सदस्य घर का ताला लगाकर बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हुड्डा सेक्टर 17 निवासी कैलाश चंद गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 दिसंबर को परिवार के साथ घर का ताला लगाकर बाहर गया था। 28 जनवरी को वापस घर लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर कमरों के दरवाजे खुले पड़े थे। जांच करने पर कमरों में सामान बिखरा मिला। उन्हें घर से सोने की चेन, सोने का लॉकेट, टॉप्स, 40 हजार रुपये की नकदी सहित अन्य सामान गायब मिला।

### गल्ले से 15 हजार चोरी

शहर की मॉडल कॉलोनी निवासी राजेश कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मॉडल कॉलोनी में गैस एजेंसी के पास दुकान है। चोरों ने 26 जनवरी की रात को उसकी दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे 15 हजार रुपये तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। जब वह सुबह दुकान पर पहुंचा तो उसे दुकान के शटर का लगा ताला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर अंदर से नकदी गायब मिली।

## जगाधरी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

# संत महापुरुषों के विचारों और आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है सरकारः कंवरपाल

**संत शिरोमणि गुरु रविदास के 649वें प्रकाशोत्सव पर उमरी में राज्यस्तरीय समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं की लगाई ड्यूटियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में संत महापुरुषों के विचारों और आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उक्त शब्द जगाधरी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 649वें प्रकाशोत्सव पर 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र के उमरी में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में कहे। मौके पर उन्होंने राज्यस्तरीय समारोह में जगाधरी से हजारों श्रद्धालुओं के भाग लेने का दावा जताया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास के प्रकाशोत्सव के अवसर पर उमरी में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में जगाधरी से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व श्रद्धालु भाग लेंगे। समारोह को सफल बनाने के लिए बैठक में कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई हैं।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में ड्यूटियां लगाते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

### समारोह में शामिल होने का किया आह्वान

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह गुरु रविदास जी के सामाजिक समरसता के संदेश व समानता पर उनके जोर और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर एक समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के महत्व पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी व कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार समेत कई प्रदेश व केंद्र के मंत्री भाग लेंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के साथ भारी संख्या में जनता से भी समारोह में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों के विकास और उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

### ये रहे मौजूद

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि संत गुरु रविदास ने जातिविहीन समाज और सभी के लिए समान अधिकारों की बात की है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और देश को सामाजिक एकता की ओर ले जाने के लिए प्रेरित करते हैं। भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा,मंडल अध्यक्ष कृष्णा खदरी, भाजपा नेत्री प्रभा सागर, मंडल महामंत्री संदीप राय, मंडल महामंत्री पूनम अग्रवाल, मंडल महामंत्री संजीव फेरूवाला, मंडल महामंत्री अभिषेक शर्मा व भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष आदि मौजूद रहे।

## जिज्ञासा, तार्किक सोच व रचनात्मकता सफल विज्ञान का आधार : प्रो. सचदेवा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि जिज्ञासा, तार्किक सोच एवं रचनात्मकता ही सफल विज्ञान का आधार है। इन तीनों के बिना विज्ञान न आगे बढ़ सकता है, न ही नई खोजें संभव होती हैं।



विज्ञान ने जीवन में सुख-सुविधाओं को बेहतर बनाकर गुणवत्ता को भी बढ़ाया हैं। महान वैज्ञानिकों के प्रश्नों से ही नए आविष्कार का जन्म हुआ है लेकिन इसके लिए जिज्ञासा, तार्किक सोच एवं रचनात्मकता का होना बहुत आवश्यक है। यह उद्गार कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गुरुवार को श्रीमद्भगवद्गीता सदन (ऑडिटोरियम हॉल) में केयू एवं हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद, हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जीवन को सशक्त बनाना : एक स्थायी भविष्य की ओर क्वांटम छलांग विषय पर आयोजित दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन 2026 के उद्घाटन अवसर बतौर अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा, सीबीएलयू की कुलगुरु प्रो. दीप्ति धमार्णी, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, मोहाली के प्रो. अरविन्द, डीन साइंसिज प्रो. विनोद कुमार, प्रो. जीपी दुबे, डॉ. सुमन मेहंदिया व डॉ. संगीता सैनी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारम्भ किया।

## सरस्वती तीर्थ स्थल पिहोवा पर नजर आएंगी विश्व स्तरीय आधुनिक खूबसूरत मूर्तिकला

**पिहोवा।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के मूर्तिकार हृदय कौशल ने कहा कि पिहोवा सरस्वती तीर्थ स्थल पर जल्द ही विश्व स्तरीय आधुनिक मूर्तिकला देखने को मिलेगी। इस तीर्थ पर 16 भव्य मूर्तियां तैयार की जाएंगी। इन मूर्तियों के लिए भैंसलाना से काले पत्थर की 16 बड़ी चट्टानें तीर्थ स्थल पर पहुंच चुकी है। इन पत्थरों को मूर्तियों के रूप में तराशने के लिए हरियाणा व दूसरे राज्यों से 16 शिल्पकार दिन रात की मेहनत से पत्थरों को मूर्तियों रूप तराशने में लगे हुए हैं। जल्द ही सरस्वती तीर्थ स्थल पर 8 फीट से लेकर 15 फीट तक की भव्य मूर्तियों का दर्शन करेंगे। सांस्कृतिक अधिकारी एवं प्रसिद्ध मूर्तिकार हृदय कौशल ने



कहा कि हरियाणा से लगभग 10 और अन्य राज्यों से आए 4 शिल्पकारों जिनमें वीएस कुंडू, स्वीराज, सुमन, संजीव, विशाल, नरेन्द्र, आशीष, अमित, शालिनी, रशमी आर्य, धर्म नितम, संगम, रणजीत सहित अन्य जाने माने कलाकारों से परिचय करवाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के आयुक्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डा. अमित अग्रवाल के आदेशानुसार पिहोवा सरस्वती महोत्सव के दौरान आधुनिक खूबसूरत मूर्ति शिल्प का राष्ट्रीय शिविर लगाया जा रहा है।

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री राजेश नागर ने सुनीं शिकायतें

# पब्लिक हेल्थ विभाग को 15 दिनों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू करने के निर्देश

### 17 मामलों में से 11 शिकायतों का मौके पर ही किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर वीरवार को नए लघु सचिवालय बिल्डिंग के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी भी मौजूद रहे। मंत्री राजेश नागर ने बैठक में 17 मामलों की सुनवाई करते हुए 11 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवा दिया। बचे हुए 6 मामलों को संबंधित अधिकारियों को जांच करने के आदेश देते हुए आगामी बैठक तक लंबित रखा गया। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने पुलिस को उर्मिला सोढी की शिकायत पर आदेश देते हुए कहा कि दोनों पक्षों को बुलाकर सुनवाई की जाए। उर्मिला सोढी की उसके पौत्र व पौत्री से बातचीत करवाई जाए। इसके साथ ही दोनों पक्षों में समझौता करवाया जाए। इसी दौरान डीएफएससी के पत्र का जवाब नहीं देने पर इंस्पेक्टर को सस्पेंड भी किया गया। गांव ठसका अली निवासी सपना देवी की शिकायत पर पुलिस को दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए समझौता करवाया गया। सपना देवी के सामान का जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई के लिए उपायुक्त की तरफ से 30 हजार रुपए सपना देवी को दिए जाएंगे।




**कुरुक्षेत्र।** बैठक में शिकायतों का निवारण करते खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, जिला परिषद सीईओ शंभू राठी, एसडीएम लाडवा अनुभव मेहता, एसडीएम शाहाबाद डा. चिनार, डीएमसी अमन कुमार, नगराधीश आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### इन शिकायतों पर की गई सुनवाई

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने लाडवा के वार्ड नंबर 14 निवासी कैलाशो देवी, सेक्टर-29 कुरुक्षेत्र निवासी हिमांशु, गांव नलवी निवासी देवी दयाल, गांव बलाही निवासी गुरविंद्र सिंह, गांव मेघा माजरा निवासी राम कुमार, पिहोवा निवासी सचिन गोयल, आकाश नगर कॉलोनी निवासी नवीन कुमार की शिकायतों को सुनते हुए समाधान किया गया। इसी तरह गांव झिवंरहेडी की ग्रुप महिलाओं की शिकायत पर लोन की अदायगी बैंक में जमा ना करवाने वाली गुरप्रीत कौर को जांच में शामिल करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### 10 दिन में अमरजीत सिंह को दिलवाएं कब्जा

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने गांव भूखड़ी निवासी सतपाल सिंह की शिकायत पर पब्लिक हेल्थ विभाग को 15 दिनों में पाइप लाइन बिछाने के कार्य को शुरू करने के निर्देश दिए। इसी तरह एडवोकेट अमरजीत सिंह विर्क की शिकायत पर नगर पालिका सचिव शाहाबाद को पुलिस की सहायता से 10 दिन में कब्जा दिलवाने के लिए कहा।

### मंत्री का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर किया स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर वीरवार को कुरुक्षेत्र पहुंचे। कुरुक्षेत्र पहुंचने पर मंत्री राजेश नागर का मार्किट कमेटी थानेसर के चेयरमैन सुरेश सैनी कुकू, सचिन यादव व पार्षद सुधीर चुघ ने बुके भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर पार्षद सुधीर चुघ ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति जनहितैषी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है, लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक मिले। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जन को सीधा लाभ मिल रहा है।



## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने वीरवार को एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष तेजिंदर सिंह गोल्डी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, जिला परिषद के सीईओ शंभू राठी, नगराधीश आशीष कुमार, डीएसपी सुनील कुमार, रणधीर सिंह, रोहतास सहित जिले के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री राजेश नागर ने बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प के तहत हस्ताक्षर किए और समाज से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का आह्वान किया। मंत्री राजेश नागर ने इस जनजागरूकता अभियान में विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, महाविद्यालयों के विद्यार्थी, प्रशासनिक अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, आईटीआई के छात्र, सामाजिक संगठनों के सदस्य तथा कुरुक्षेत्र जिले के



लगभग सभी प्रमुख व महत्वपूर्ण नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला सह सयोजक रामलाल सिरसल ने कहा कि निरंतर जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बाल विवाह उन्मूलन हेतु प्रभावी कार्य किया जा रहा है, जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, शैक्षणिक संस्थानों एवं समाज के सभी वर्गों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**खबर संक्षेप**

### विद्यार्थियों को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशा-निर्देशानुसार डिजिटल दुनिया का प्रबंधनझसाझा करने से पहले सोचें विषय पर, जो कि गलत सूचना, फर्जी समाचारों के प्रसार एवं डिजिटल लत के विरुद्ध एक अभियान है, एवं अन्य राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के अंतर्गत इंस्टीट्यूट आफ ला, कुरुक्षेत्र में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

## युवाओं को मिला हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग का अवसर, स्वरोजगार की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटरबहलोलपुर में ड्रोन टेक्नोलॉजी पर हुई वर्कशॉप

नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित महात्मा ज्योतिबा फूले इंटरनेशनल स्किल सेंटर, बहलोलपुर में अभ्युदय इनोवेशन के सहयोग से दो दिवसीय ड्रोन टेक्नोलॉजी वर्कशॉप आयोजित की गई। वर्कशॉप के पहले दिन प्रतिभागियों को ड्रोन टेक्नोलॉजी से जुड़ी अत्याधुनिक जानकारी प्रदान की गई। संस्थान की प्रभारी कृष्मन सिंह सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान युवाओं को हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, ड्रोन उड़ान संचालन, मेंटेनेंस, डेटा कलेक्शन



और ड्रोन के औद्योगिक उपयोगों की जानकारी दी गई। इसमें कृषि, सर्वेक्षण, मैपिंग, सुरक्षा और मीडिया जैसे क्षेत्रों में ड्रोन के उपयोग पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया ताकि प्रतिभागी भविष्य में स्वरोजगार स्थापित कर सकें। यह वर्कशॉप सांसद नवीन जिंदल के कौशल भारत, कुशल भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

## विद्यार्थियों ने ज्ञानवर्धक विज्ञान मॉडल किए प्रस्तुत

- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में साइंस कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित साइंस कॉन्क्लेव-2026 में अपने आकर्षक, ज्ञानवर्धक एवं सहभागितापूर्ण विज्ञान प्रदर्श प्रस्तुत किए। हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के सहयोग से आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों तथा आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया।



**कुरुक्षेत्र।** विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

केन्द्र द्वारा स्पेस प्रदर्शनी, फन साइंस गैलरी, तारामंडल शो तथा मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी बस का प्रदर्शन किया गया, जिसने बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें विज्ञान को प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से समझने का अवसर प्रदान किया। इन प्रदर्शनों का उद्घाटन मुख्य अतिथि सोमनाथ सचदेवा, कुलपति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।

### विद्यार्थी होते जागृत

परियोजना समन्वयक डॉ. सुरेश कुमार सोनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र की यह सक्रिय सहभागिता विज्ञान संचार को सुदृढ़ करने और युवाओं में वैज्ञानिक चेतना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रदर्श न केवल विद्यार्थियों की जिज्ञासा को जागृत करते हैं, बल्कि उन्हें प्रयोगधर्मी सीखने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को विज्ञान को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर उसे व्यवहारिक जीवन से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

### स्व. मधु कक्कड़ ने मरणोपरांत किए नेत्रदान

**शाहबाद।** शाहबाद मारकंडा क्षेत्र की जानी-मानी समाजसेविका स्वर्गीय मधु कक्कड़ ने अपने निधन के उपरांत नेत्रदान कर मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्व. श्रीमती मधु कक्कड़ समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रही हैं। वे ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस शाहाबाद मारकण्डा तथा पूर्व अध्यक्ष, इनरव्हील क्लब शाहाबाद मारकण्डा जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर सामाजिक कार्यों में निरंतर योगदान देती रही हैं। समाजसेवा के प्रति यह समर्पण उनके पूरे परिवार में रहा है।



### 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

**पिहोवा।** राजकीय महाविद्यालय भेरिया में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय पहुंचने पर उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कंवलजीत कौर ने विद्यार्थियों को समाज सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और युवा विकास के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी समाज तक पहुंचाने में भी अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर ठरर स्वयंसेवकों का उत्साह, ऊर्जा और अनुशासन देखते ही बनता था। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## बगलामुखी महायज्ञ व्यापार में वृद्धि व कर्ज मुक्ति के लिए फलदाई: महंत भीम पुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

- महायज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने डाली आहुतियां

मां पीतांबरा पीठ बगलामुखी धाम धनीरामपुरा में चल रहे पंच दिवसीय बगलामुखी महायज्ञ के दूसरे दिन आज विभिन्न प्रदेशों से आए यजमानो व श्रद्धालुओं ने मां बगलामुखी की पूजा अर्चना व यज्ञ में आहुति डालकर अपने सुखमय जीवन की कामना की। महायज्ञ में यज्ञाचार्य डॉ. अभिषेक कुश सहित 41 ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्र उच्चारण कर यजामानों से यज्ञ में आहुति डलवाई। समारोह में विशेष रूप से श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज, स्वामी महेश पुरी, स्वामी शिवदयाल पुरी, स्वामी आशुतोष पुरी, सहित अनेक संत महात्माओं व सैनसन्स पेपर मिल के एम.डी प्रदीप सैनी, प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डा. अवनीत वडैच, समाजसेवी विपिन काहड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला सहित अनेक गण्यमान्य लोगों शिरकत कर संत महात्माओं से आशीवार्द प्राप्त किया। धाम के पीठाधीश महंत भीम पुरी ने कहा कि यह महायज्ञ व्यापार में वृद्धि समृद्धि कर्ज मुक्ति और जीवन की सभी विपत्तियों को दूर करने के लिए भी अत्यंत फलदाई माना जाता है।



### यूजीसी की गाइडलाइन पर लगाई गई रोक के फैसले का किया स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** सुप्रीम कोर्ट ने यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन के नए नियमों पर अगले आदेशों तक रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगने से सवर्ण जाति के लोगों ने खुशी का इजहार किया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने भी सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगाने का स्वागत किया है। क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह फैसला ऐतिहासिक है और इससे निश्चित रूप से समाज में भाईचारा बनाए रखने में मदद मिलेगी। अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि यूजीसी ने एससी एसटी की तर्ज पर ओबीसी वर्ग के छात्रों को भी सवर्ण जाति के छात्रों व लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की नई गाइडलाइन जारी की थी, जो कि सवर्ण जाति के हितों के खिलाफ थी। उन्होंने यूजीसी की नई गाइडलाइनों पर ऐतराज जताते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज होने पर शिकायत करने की भी सवर्ण जाति के लोगों को इजाजत नहीं दी गई थी, जो कि सर्वथा अनुचित था। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने यूजीसी की इन नई गाइडलाइन के खिलाफ राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इन गाइडलाइन को विड्रा करने की मांग की थी।



### जय भगवान शर्मा डीडी के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हुए सरपंच निर्मल

**पिहोवा।** विधानसभा पिहोवा के गांव बचकी में आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी के नेतृत्व में भाजपा परिवार का विस्तार हुआ। पंडित जय भगवान शर्मा डीडी बचकी गांव पहुंचे, जहां ग्राम वासियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। गांव के सरपंच निर्मल सिंह व अन्य ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं सिरोपा पहनाकर पंडित जय भजवान को सम्मानित किया। गांव के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर गांव बचकी के सरपंच निर्मल सिंह अपने समस्त साथियों सहित भारतीय जनता पार्टी में विधिवत रूप से शामिल हुए। इस मौके पर पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने सभी नव-शामिल साथियों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि दूसरी पार्टियों को छोड़कर लोग बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल हो रहे हैं, यह भाजपा की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यों पर जनता के विश्वास का प्रमाण है। पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता का पूरा मान-सम्मान रखा जाएगा। उनके मान-सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा हर कार्यकर्ता के सुख-दुख में पार्टी साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जन को सीधा लाभ मिल रहा है, जिससे जनता का विश्वास लगातार भाजपा की ओर बढ़ रहा है।



**स्वास्थ्य** राजकीय विद्यालय आलमपुर में डीआर जैन न्यूरोकेयर हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैंप

### ब्लड शुगर, पल्स रेट, हीमोग्लोबिन की जांच कर फ्री दवाइयां वितरित की गई

# राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को सेवा और सामाजिक सहभागिता से जोड़ना : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र के सहयोग से राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव आलमपुर में निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हॉस्पिटल की ओर से सर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को पुस्तकीय ज्ञान से आगे ले जाकर सेवा, अनुशासन और सामाजिक सहभागिता से जोड़ना है।




**कुरुक्षेत्र।** कैंप में मौजूद चिकित्सक।

### 107 लोगों का चेकअप

डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में 2071वॉ नि:शुल्क मेडिकल कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में 107 रोगियों को नि:शुल्क परामर्श, स्वास्थ्य जाँच,ब्लड शुगर, पल्स रेट, हीमोग्लोबिन एवं फ्री दवाइयाँ वितरित की गईं। डॉ. संजय शर्मा ने कहा ह्लस्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होता है। चिकित्सा सेवा का उद्देश्य केवल रोगों का निदान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य, जागरूकता और विश्वास पहुँचाना है।

### युवाओं से किया आह्वान

राष्ट्रीय स्वयं सेवक समाज की नब्ज होते हैं, जो गाँव-गाँव जाकर जनसेवा के माध्यम से एक सशक्त और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में योगदान देते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम, प्राणायाम, योग एवं सात्विक आहार को अपनाएँ, जिससे मस्तिष्क स्वस्थ, सक्रिय एवं सकारात्मक बना रहे। परशुराम कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शीशपाल के स्नेहिल, दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर को कार्यक्रम अधिकारीगण प्रो. वासव दत्ता एवं डॉ. सुषमा वशिष्ठ ने अपनी संवेदनशील सूत्रधारिता, आत्मीय शब्दों और सधे हुए संचालन से केवल एक कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण एक अविस्मरणीय आयोजन बना दिया। प्रो.वासव दत्ता ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की प्रयोगशाला है, जहाँ सेवा, अनुशासन और सामाजिक सरोकार का वास्तविक प्रशिक्षण मिलता है। एन.एस.एस. का मूल उद्देश्य युवाओं को समाज से जोड़कर उन्हें संवेदनशील, जागरूक और उत्तरदायी नागरिक बनाना है। कार्यक्रम की सफलता में परशुराम कॉलेज के विद्यार्थी,डॉ सुरेश,प्रो सुमन शर्मा , प्रो मालविका शर्मा,विद्यालय इंचार्ज स्नेह लता, ओमप्रकाश उप्पल सेक्टर तीन,मोनिका कोऑर्डिनेटर,अंजू, प्रवीण सहित आदि का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### चोरी वारदात को आंजाम देने वाला आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमित कुमार उर्फ मित्ता को गिरफ्तार किया है। परिवादी मंजीत सिंह ने 22 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 19/20 नवंबर 2025 को आरोपी अमित कुमार व अन्य ने बैटरी, बिस्कुट अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। चोरी किया गया सामान पुलिस द्वारा पहले ही बरामद किया जा चुका है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना शहजादपुर पुलिस ने विदेश भेजने की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी धोखाधड़ी के मामला दर्ज हैं। परिवादी मनीष कुमार ने 31 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23 जून 2023 को गांव कोड़वा खुर्द में आरोपी गुरप्रीत सिंह ने विदेश भेजने के मामले में उससे (1 लाख 70 हजार रूपये) धोखाधड़ी से हड़प लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। अब आरोपी को गिरफ्तार कर उससे 1 लाख 50 हजार रूपये की नकदी, असल पासपोर्ट व अन्य कागजात बरामद किए गए है।

### गाली-गलौज करने पर एक व्यक्ति नामजद

**जींद।** गांव गांगोली में रात को मकान के बाहर खड़े होकर गाली गलौज करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव गांगोली निवासी शोभापति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर रात उनके पडोसी नसीब ने उनके मकान के सामने खड़े हो कर गाली गलौज की। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपित ने बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### युवती संदिग्ध हालात में लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव शाहपुर से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव शाहपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 जनवरी को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी को कोई सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हैफेड कर्मियों ने भेजा मांगों को लेकर ज्ञापन

**जींद।** अनुबंध कर्मचारी संघ हैफड हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ की कैथल में हुई प्रदेश कार्य समिति की बैठक के निर्णय के अनुसार वीरवार को हैफेड कर्मचारियों ने अपनी मांगों और समस्याओं का ज्ञापन डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व सहकारिता मंत्री को भेजा।

### सीआरएसयू में 100 कुंडिया हवन 01 को

**जींद।** नो नशा नेशन अभियान के अंतर्गत आर्य युवा समाज डीएवी पब्लिक स्कूल अर्बन एस्टेट जींद के छात्रों द्वारा एक फरवरी को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के प्रांगण में 100 कुंडिया हवन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रामपाल सिंह सैनी करेंगे। हरियाणा सूचना आयोग के सदस्य कर्मवीर सैनी और हरियाणा साहित्य और संस्कृत अकादमी पंचकूला के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी विशिष्ट अतिथि होंगे।

### विवि के शिक्षा विभाग में शैक्षणिक ऑडिट संपन्न

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु प्रोफ राम पाल सैनी के मार्गदर्शनमें शिक्षा विभाग संकाय में शैक्षणिक गुणवत्ताए अनुसंधान तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं गतिमान बनाने के उद्देश्य से शैक्षणिक आडिट का आयोजन तार्किक एवं तकनीकी रूप से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह शैक्षणिक प्रक्रिया विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षा क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई।


### प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का समाधान करें संबंधित विभागों के अफसर

# पूर्व राज्यमंत्री ने सुनीं आमजन की शिकायतें, निपटाने का दिया भरोसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में तरक्की कर रहा प्रदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।


भाजपा में शामिल हुए ग्रामीण।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को अपने निवास स्थान पर अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर सभी लोगों की समस्याओं के समाधान के आदेश दिए। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान हो। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मकसद लोगों की समस्याओं का समय रहते समाधान करवाना है।

गोयल के समक्ष जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत बिजली निगम, पेंशन, जन स्वास्थ्य विभाग, सडक़ों की मरम्मत व विकास कार्यों से संबंधित समस्याएं लिखित में रखी गई। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं का निपटान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति वीरवार को उनके आवास पर आकर अपनी या अपने क्षेत्र की सामुहिक समस्या को रख सकता है। इस मौके पर पूर्व डिप्टी मेयर राजेश मेहता, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढीगरा, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, पूर्व सदस्य हितेष जैन, सरदूल सिंह, गुरप्रीत सिंह शाना, अजय चावला, रोमी ग्रोवर, आशु सैनी, संजीव गोयल टोनी, गुरजंट सिंह गोल्डी भी मौजूद रहे।

## समर्थकों सहित नडियाली सरपंच भाजपा में शामिल

- रोशनपुर के भी कई ग्रामीण भाजपा में आए, पूर्व मंत्री असीम गोयल और जिलाध्यक्ष ने पटका पहनाकर किया पार्टी में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों से प्रभावित होकर आज अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के गांव नडियाली के सरपंच कुलवंत सिंह तथा गांव रोशनपुर से बड़ी संख्या में लोग भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल और भाजपा अंबाला जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने सभी सदस्यों को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया।

भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि गांवों से मिल रहे जनसमर्थन से स्पष्ट है कि जनता का विश्वास भाजपा की नीतियों पर लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी में शामिल हुए सभी कार्यकर्ता संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरजंट सिंह,दिनेश लदाना,मार्केट कमेटी चेयरमैन जसविंदर सिंह,जिला महामंत्री करमचंद गोल्डी,संजीव गोयल,रितेश गोयल,रघुबीर सिंह नडियाली व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### रोशनपुर से ये हुए भाजपा में शामिल

सुभाष चंद,बलकार सिंह,जय भगवान,रुल्दा राम,मेहर सिंह ,कृष्ण लाल,बलवंत सिंह,नरिंदर,मोहित,सुखबीर सिंह,फ़तेह सिंह,ज्ञान चंद,गेजा राम,बलबीर सिंह,माम चंद,नजीरा ख़ान ,तरसेम,बीरा राम,केहर सिंह,पवन कुमार,बरखा फौजी,रमज़ान,नरेश कुमार,रमनदीप भाजपा में शामिल हुए। सभी का पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल और भाजपा अंबाला जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने पटका पहनकर स्वागत किया।

### डिजिटल अरेस्ट कर दिया वारदात को अंजाम

## रिटायर्ड सूबेदार को लगाया 12.50 लाख रुपये का चूना

- एनआईए का अफसर बताकर पहलगाम हमले के आतंकियों के साथ संबंध का दिखाया खौफ
- डर के कारण रिटायर्ड सुबेदार ने गंवाई अपनी जमा पूंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के पिलखनी गांव के 74 वर्षीय रिटायर्ड सूबेदार अजीत सिंह से साइबर ठगों ने खुद को एनआईए का अधिकारी बताकर 12.50 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर आतंकी अफजल खान के साथ संबंध होने का डर दिखाया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिटायर्ड सूबेदार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 जनवरी को उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एनआईए इंस्पेक्टर रणजीत कुमार बताया। ठग ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के आरोपी अफजल खान के पास से सूबेदार और उनकी पत्नी के आधार कार्ड मिले हैं।

ठग ने कहा कि आतंकी ने सूबेदार के खाते में सात करोड़ रुपये भेजे हैं। बुजुर्ग को विश्वास दिलाने के लिए ठग ने पुलिस की वर्दी पहनकर व्हाट्सएप वीडियो कॉल किया। उसने एनआईए के महानिदेशक के नाम से फर्जी गोपनीयता समझौता पत्र और सुप्रीम कोर्ट के जाली गिरफ्तारी वारंट भी भेजे। ठगों ने बुजुर्ग दंपती को इतना डरा दिया कि उन्होंने लोकलाज और जेल जाने के डर से यह बात अपने बेटों तक को नहीं बताई। ठग ने जांच के नाम पर बुजुर्ग के बैंक खातों की पूरी रकम एक सरकारी खाते में ट्रांसफर करने को कहा। डरे हुए सूबेदार ने 13 जनवरी को अपनी जमापूंजी (एफडी) तुड़वाई और ठगों द्वारा दिए गए दो अलग-अलग बैंक खातों में 12 लाख 50 हजार रुपये जमा करवा दिए। पैसे मिलने के बाद ठगों ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामा के मकान को आग लगाने का किया प्रयास

**जींद।** नरवाना में युवक को रुपये नही दिए तो खफा युवक ने रिश्ते के मामा के घर में तेल छिड़क कर आग लगाने की कोशिश की। इत्तफाकिया इसकी भनक मकान मालिक को लग गई। जिस पर आरोपित फरार हो गया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक के खिलाफ आगजनी की कोशिश करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। नरवाना निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर रात उसे अपने मकान के अंदर पेट्रोल गंध आई। जब वह बाहर आया तो दरवाजे पर पट्रोल छिड़का हुआ था। माचिस की तीलियां पड़ी थी। जब पड़ोसी को बुला कर लगे सीसीटीवी कैमरो की फूटेज देखी तो उसकी बीरबल नगर निवासी उसकी बहन के देवर का बेटा रोहित पैट्रोल छिड़क कर आग लगाने की कोशिश करता दिखाई दिया। जिसकी सूचना उसने बहनोई को दी।

## छात्रों ने यातायात के निमयों के पालन की ली शपथ

- एक हजार स्कूलों में गूंजी सड़क सुरक्षा की शपथ, बच्चों ने लिया हादसे रोकने का संकल्प
- एक हजार स्कूलों में आयोजित किया गया शपथ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। शपथ लेते स्कूली छात्र। फोटो : हरिभूमि

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने के लिए वीरवार को ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। जिले के लगभग एक हजार सरकारी और निजी स्कूलों में एक साथ सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ अभियान चलाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा और क्षेत्रीय यातायात अधिकरी सुशील कुमार के आह्वान पर प्रार्थना सभा के दौरान हजारों विद्यार्थियों व शिक्षकों ने यातायात नियमों के पालन और समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। अभियान के तहत जिले भर के स्कूलों में प्रशासनिक अधिकारी व समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि पहुंचे। अंबाला शहर के बलदेवनगर स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा स्वयं उपस्थित हुए। उनके साथ भारत विकास परिषद के सदस्य विनोद जांगड़ा और आशा जांगड़ा भी मौजूद रहे।विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य सतबीर सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कहा कि सड़क पर होने वाली अधिकतर दुर्घटनाएं लापरवाही, नियमों की अनदेखी और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के इस्तेमाल के कारण होती हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, यातायात संकेतों के पालन और सुरक्षित व्यवहार अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाकर उन्हें अपने परिवार और समाज तक यह संदेश पहुंचाने का आह्वान किया गया।

## 200 विद्यार्थियों ने एक किलोमीटर की दौड़ लगाकर स्वदेशी अपनाओ का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन प्रधानाचार्य मंजू बाला की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम संयोजक रणजीत सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने एक किलोमीटर की दौड़ लगाकर स्वदेशी अपनाओ का संदेश दिया। दौड़ के दौरान विद्यार्थियों ने स्वदेशी से संबंधित नारे लगाए तथा हाथों में स्वदेशी को प्रोत्साहित करने वाले पोस्टर लेकर जागरूकता फैलाई। इस आयोजन में उप-प्रधानाचार्य रीना रानी, प्राध्यापक कपिल जैन एवं अध्यापिका अनुराधा गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को वोकल फॉर लोकल, स्वदेशी निर्माण एवं कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम स्वदेशी के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

## महिला चिकित्सक ने पति पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

- क्लीनिक में तोड़फोड़ व गहने झड़पने के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी की डिफेंस कॉलोनी की एक महिला डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने शिक्षक पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पति पर मारपीट और मानसिक प्रताड़ना व होम्योपैथिक क्लीनिक तहस-नहस करने और सोने के जेवर हड़पने के भी आरोप लगाए हैं। कैथल की रहने वाली निर्मला कुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि साल 2016 में उनकी शादी नरेश कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि पति पर पहले से दुष्कर्म का केस दर्ज है। जब निर्मला ने इस बारे में पूछा तो उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी गई।

पीड़िता का आरोप है कि उनके पिता और भाई की मृत्यु के बाद पति ने आर्थिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मार्च में आरोपी नरेश ने उसका होम्योपैथिक क्लीनिक पूरी तरह तोड़ दिया, इससे वह आर्थिक रूप से टूट गई। आरोपी ने उनके 10.8 ग्राम सोने के जेवर और 63 हजार रुपये की नकदी भी अपनी मां को दिलवा दिए और वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला का कहना है कि आरोपी पति उसकी बेटी को भी डरा-धमकार अपने साथ ले गया है और वो किराए के कमरे में रहने को मजबूर है।

## संत रविदास जयंती पर निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

संत शिरोमणी श्री गुरू रविदास की 649वीं जयंती के उपलक्ष्य में गांव बोह में प्रभात फेरी निकाली गई। इस पावन अवसर पर गांव बोह स्थित रविदास मंदिर से सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बडी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रभात फेरी के दौरान श्रद्धालु बहुत जन्म बिछडे थे माधो यह जन्म तुम्हारे लेखे, मीठे लगते गुरू जी तेरे बोल बेले अमृत दे सहित भजनों का सिमरन करते हुए आगे बढते रहे। भजनों की मधुर धुनो से क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यह प्रभात फेरी रगुरू विदास मंदिर से प्रारम्भ होकर गावं की अन्य गलियों से होते हुए वापिस मंदिर में आकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए चाय और मट्ठी का प्रसाद वितरित किया गया। प्रभात फेरी में राजकुमार, मनीष कुमार, करनैल, रामजी दास, राम अवतार, रावत, गुरदास, प्रहलाद राम, रेवती रमन, लक्ष्मी देवी, राजबला, पालो देवी शामिल रहे।


अंबाला। प्रभातफेरी के दौरान मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### संत रविदास जयंती पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**अंबाला।** संत शिरोमणी श्री गुरू रविदास की 649वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अंबाला शहर मोतीनगर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर जन कल्याण सभा द्वारा इस शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सभा के प्रधान बंटी कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष संत शिरोमणी गुरू रविदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणी गुरू रविदास की शिक्षाएं सर्व समाज के लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संत महापुरूषों की जयंती सरकारी तौर पर मनाकर उनका सम्मान करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को शोभायात्रा मोतीनगर गुरूद्धारा से शुरू होकर मानव चौक, डीडब्लयूएस कॉलोनी, सोनिया कॉलोनी होते हुए रणजीत नगर, महावीर नगर होते हुए वापिस मोतीनगर गुरूद्धारा में आकर संपन्न होगी।

## पत्नी व ससुरालियों से तंग आकर ट्रक चालक ने निगला जहर, मौत

- मरने से पहले बनाई वीडियो ससुरालियों को ठहराया था मौत का जिम्मेदार, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साहा

मिट्ठापुर गांव के 35 वर्षीय ट्रक चालक संदीप सिंह की आत्महत्या के मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। ट्रक चालक ने जहरीला खाकर जान दी थी और मरने से पहले अपने मोबाइल फोन पर एक वीडियो भी बनाया था। इसमें उन्होंने अपनी मौत का जिम्मेदार पत्नी, ससुर और सालों को ठहराया था। पिता बलविंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि संदीप की शादी 12 साल पहले पटियाला की मंजीत कौर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही घर में क्लेश रहता था।

विवाद इतना बढ़ा कि मामला कोर्ट तक पहुंचा और 1.95 लाख रुपये में समझौते की बात तय हुई। आरोप है कि पहली किस्त देने के बावजूद पत्नी फिर से अपने घर चली गई। संदीप को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगीं। इसके बाद पति ने ससुरालियों के उत्पीड़न से तंग आकर जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही पुख्ता सबूतों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### पेंशनर्ज का एलटीसी भत्ता 3000 किया जाए

**जींद।** जिला जींद पेंशनर्ज समाज की बैठक भलेराम बूरा की अध्यक्षता में ब्राह्मण धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक का संचालन योगाचार्य जोरा सिंह आर्य व सुरेंद्र वर्मा ने किया। बैठक में सरकार से अपनी मांगे मनवाने के बारे में विचार विमर्श हुआ व सरकार से अनुरोध किया गया कि रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगे शीघ्रतापूर्वक मान ली जाएं। उन्होंने मांग की कि एलटी भत्ता भी जिन रिटायर्ड कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है, उनके परिवार को दी जाए। मेडिकल भत्ता एक हजार से बढ़ा कर तीन हजार रुपये किया जाए। कैशलेस सुविधा जो कि बहुत ही पुरानी मांग है को भी मान लिया जाए।

### नौ दिवसीय भागवत गीता सत्संग समारोह के समापन पर बोले कमलानंद गिरि महाराज

# अंधकार को मिटाने का एकमात्र साधन ज्ञान का प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कथा में उपस्थित श्रद्धालु और प्रवचन करते कमलानंद गिरि महाराज। फोटो : हरिभूमि

श्री कल्याण कमल आश्रम हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज ने श्री रघुनाथ मंदिर में चल रहे भगवद्गीता एवं श्रीमद् भागवत प्रवचन के समापन समारोह पर कहा कि अंधकार तलवार से कट नहीं सकता, बम से फट नहीं सकता, पानी से धुल नहीं सकता, हवा से उड़ नहीं सकता। गायत्री मंत्र पढ़ने से समाप्त नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अंधकार को मिटाने का एक ही साधन है प्रकाश। इसी तरह अज्ञान को केवल ज्ञान से ही दूर किया जा सकता है। स्वामी कमलानंद ने बताया कि युद्ध की सभी तैयारी हो चुकी थी। दोनों सेना आमने-सामने खड़ी हो चुकी हैं। शंख ध्वनि हो चुकी थी। अर्जुन ने दोनों सेनाओं के बीच में यह कहते हुए अस्त्र-शस्त्र डाल दिए कि मैं युद्ध नहीं करूंगा। तब भगवान ने कहा अर्जुन! उठ, युद्ध के लिए खड़ा हो। केवल माला जपना ही भजन नहीं है, हक के लिए लड़ना भी भजन है। कर्म ही भगवान की पूजा है।

### कर्तव्य का सही नीति से पालन ने मिलता है पुण्य

कमलानंद गिरि महाराज ने आगे बताया कि हर व्यक्ति यदि अपने कर्तव्य का सही नीति से पालन करता रहे तो भी परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है। जो व्यक्ति कर्म करता है स्वयं में बेईमानी को नहीं आने देता, इच्छाओं के प्रति आसक्त नहीं होता, फल की इच्छा नहीं करता, वह व्यक्ति कर्म करता हुआ भी ईश्वर को प्राप्त कर लेता है। जो अपना कर्तव्य समझकर घर बैठकर कर्म कर रहा है उसका कर्म भी पूजा है। महाराज ने आगे बताया कि अर्जुन ने जब शस्त्र डाल दिए तो कृष्ण ने कहा कि इस हृदय की दुर्बलता को तुम छोड़ो। पार्थ। उठकर युद्ध के लिए खड़े हो जाओ। यह सुनकर अर्जुन ने हाथ जोड़ दिए, आंखों में आंसू भर लिए और बोले कि कल तक जिनकी मैं फूलों के हारों से पूजा करता रहा मैं उन पर बाण चलाऊ द्रोणाचार्य हमारे पूजनीय गुरु हैं। हमारे दादा भीष्म पितामह जिन्हें कल तक मैं पुष्पों से पूजा करता रहा। ये दोनों पूजने योग्य हैं। मैं इन पर अस्त्र शस्त्र नहीं चला सकता। यद्यपि हमारे शास्त्र कहते हैं कि युद्ध में पिता भी पुत्र को ललकारे तो उससे पीठ नहीं दिखानी चाहिए। गुरु से भी लड़ना पड़े तो लड़ो। तब भगवान कृष्ण ने उन्हें गीता ज्ञान दिया तब अर्जुन युद्ध को तैयार हुए।